नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

भीलवाड़ा। नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के आठवें दिन वार्ड 29 के अंतर्गत काशीपुरी में स्थित श्याम मंदिर शिवालय में महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के सान्निध्य में आयोजन सम्पन्न हुआ। सहस्त्रधारा अभिषेक में मुख्य यजमान के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया, दिव्या बोरदिया उपस्थित रहे। आचार्य योगेंद्र शास्त्री एवं सहयोगी पंडितों ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। अभिषेक के दौरान बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाओं ने पूर्ण श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान श्याम मंदिर कमेटी से हरीश शाह, कैलाश प्रह्लादका, शिवशंकर कछवाल, प्रकाश बजाज, सुरेंद्र अठावाल, राहुल अठावाल, राजेंद्र शर्मा, हरिराम शर्मा, नितिन रमन अठावाल, कार्यक्रम संयोजक ओम साईंराम, भाजपा शास्त्री मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल आचार्य, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतु शेखर शर्मा, शशांक बिड़ला, महिला मोर्चा से नेहा नागर, रमेश नागर, कैलाश सोनी सहित अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

उद्योग भारती की बैठक में नए उद्योगों पर चर्चा

ब्यावर (निसं) लघु उद्योग भारती ब्यावर इकाई की नवगठित कार्यकारिणी की प्रथम मासिक बैठक गुरूवार को रीको द्वितीय में स्थित लघु उद्योग वाटिका के समीप एक फैक्ट्री प्रांगण में दीप प्रज्जवलन से प्रारंभ हुई। सचिन नाहर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष ब्यावर इकाई की स्थापना हुए 10 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं और बैठक में 100 से अधिक सदस्य भी उपस्थित हैं, अत: आगामी एक वर्ष में कम से कम 10 ऐसे कार्यक्रमों की रचना बने, जिससे संस्था के सदस्यों, उद्योगों के साथ-साथ सामाजिक उद्देश्य की भी प्राप्ति हो ।इसी कड़ी में उन्होने आगे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद ( ) और लघु उद्योग भारती के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत तकनीकी स्थानांतरण के निमित्त ब्यावर इकाई की ओर से गए प्रतिनिधिमंडल ने गहन चर्चा की है और और चर्चा के निष्कर्ष से यह तय है कि नयी तकनीक के साथ नए प्रकार का ब्यावर में नया उद्योग लगाकर ब्यावर नगर के लिए सार्थक परिणाम उत्पन्न किए जा सकते हैं । लेकिन उस चर्चा को ओर विस्तृत रूप से सभी सदस्यों को साझा करने के लिए मंच रूपी एक सेमिनार की आवश्यकता रहेगी ।

रतन ठीन सोलर, जयपुर से पधारे प्रतिनिधि ने निवेश के रूप में सोलर को अपनाने के बारे में और अपनी फेक्ट्री के स्थान पर सोलर पार्क में सोलर लगवाकर भी सोलर के उपयोग के बारे में उपयोगी जानकारी से अवगत कराया ।अध्यक्ष ने सभी उद्योगपतियों की वित्तीय समस्याओं के निवारण के लिए एक निवेश संबंध में आगामी अक्टूबर से दिसंबर माह के मध्य एक भव्य सेमिनार आयोजित करने का सुझाव दिया ।वर्ष 2026 में पुन: स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी का तीन दिवसीय आयोजन होने जा रहा है, जिसमें संयोजक के लिए महिला इकाई से नन्दिता झंवर, सुनीता जैन, रुचिका शर्मा, श्वेता नाहर, शोभन्ता मेहता एवं मुख्य इकाई से रवि मूंदडा, गौरव मूंदडा, पीयूष हेड़ा, श्रीकांत बिहानी, आशीष झंवर के नामों की घोषणा की गयी, जिनका सभी ने करतल ध्वनि से स्वागत किया । जिला प्रभारी दीपक झंवर ने पर्यावरण, वृक्षारोपण और इस संबंध में ब्यावर इकाई द्वारा किये गए कार्यों के बारे में सभी सदस्यों को अवगत कराया। रीको द्वारा आवंटित भूखंडों पर ब्यावर इकाई द्वारा अब तक कुल 6 वाटिकाओं का निर्माण किया जा चुका है। सभी वाटिकाओं की लोकेशन, उनकी वर्तमान स्थिति के साथ-साथ उनकी प्रगति को भी एक चलचित्र के माध्यम से साझा किया गया ।

उपाध्यक्ष रमेश भराडिया द्वारा इन वाटिकाओं के रख-रखाव के लिए सभी सदस्यों से मुक्त हस्त से आर्थिक सहयोग करने का निवेदन किया गया। आगामी 15 अगस्त को दो वाटिकाओं के लोकार्पण की सूक्ष्म जानकारी भी साझा की गई ।समापन के अवसर पर नवीन सदस्यों को जोड़ने के लिए सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता के लिए अध्यक्ष द्वारा निवेदन और आठाह किया गया ।

अजमेर डिस्कॉम का विशेष सतर्कता अभियान

अजमेर, (कासं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड द्वारा प्रबंध निदेशक केपी वर्मा के निर्देशानुसार बिजली चोरी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के लिए विशेष सतर्कता अभियान चलाया गया। यह अभियान सतर्कता विंग के नेतृत्व में दो चरणों में संचालित हुआ, पहला चरण 7 से 9 जुलाई तथा दूसरा चरण 14 से 16 जुलाई तक आयोजित किया गया।

अधीक्षण अभियंता (सतर्कता) जीएस मीना ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत निगम के विभिन्न वृतों में कुल 768 विद्युत चोरी के प्रकरण पकड़े गए, जिनमें 3.08 करोड़ का राजस्व निर्धारण किया गया। विद्युत चोरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यह अभियान सघन निरीक्षण एवं निगरानी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मीना ने वृत्तवार कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि अजमेर वृत में 40 विद्युत चोरी पकड़ी गई जिसका राजस्व निर्धारण 11.16 लाख, ब्यावर में 9 विद्युत चोरी पकड़ी गई जिसका राजस्व निर्धारण 1.78 लाख, भीलवाड़ा में 75 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 18.95 लाख, डीडवाना में 46 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 16.68 लाख, झुन्झुनु में 101 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 48 लाख, सीकर में 179 विद्युत चोरी पकड़ी गई जिसका राजस्व निर्धारण 80.27 लाख, चितौडगड़ में 128 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 41.87 लाख, बांसवाड़ा में 40 विद्युत चोरी पकड़ी गई जिसका राजस्व निर्धारण 7.89 लाख, राजसमंद में 28 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 26.71 लाख, उदयपुर में 104 विद्युत चोरी पकडी गई । जिसका राजस्व निर्धारण 53.76 लाख, सलुम्बर में 12 विद्युत चोरी पकडी गई जिसका राजस्व निर्धारण 1.26 लाख किया गया एवं प्रतापगढ में 6 विद्युत चोरी पकड़ी गई। विद्युत चोरी उपभोक्ताओ को राजस्व निर्धारण जमा करवाने के नोटिस जारी किये गये है। इन जिलों में विद्युत चोरी की शिकायतें मिलने पर यह कार्यवाही की गई है। सभी पकड़े गए प्रकरणों में संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर नियमानुसार राजस्व जमा करवाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

एमएनआईटी की टीम पहुंच एलिवेटेड रोड

अजमेर, (कासं)। जयपुर एमएनआईटी की सिविल इंजीनियरिंग टीम ने शुक्रवार को शहर के मुख्य एलिवेटेड रोड की उस भुजा का निरीक्षण किया, जहां पिछले दिनों सड़क धंसने की घटना हुई थी। तकनीकी जांच में विशेषज्ञों ने पाया कि इस हिस्से में संरचनात्मक डिस्ट्रेस कंडीशन है। जांच रिपोर्ट जिला कलेक्टर एवं अजमेर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लोक बंधु को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट पर अमल करना जिला प्रशासन का काम है। उल्लेखनीय है कि भुजा में सड़क घंसने के बाद यातायात को बंद कर दिया गया था।

निरीक्षण टीम के सदस्य ने बताया कि डिस्ट्रेस कंडीशन बताया है। इसका मतलब है कि कंक्रीट में फैल रही दरारें, ऊपरी परत का टूटकर गिरना, इफ्लोरेशन, डिफ्लेक्शन, जॉइंट सीलेंट फटना तथा बेयरिंग पैड्स का क्षय शामिल हैं। इन दोषों से सरिया (रिइन्फोर्सिंग स्टील) में जंग लगने का खतरा रहता है और संरचना की स्थिरता प्रभावित होती है। निरीक्षण रिपोर्ट स्मार्ट सिटी सीईओ को सौंपी जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि दोष दूर किए बिना इस भुजा पर वाहन चलाना जोखिमभरा रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व में एलिवेटेड रोड निर्माण के दौरान कई हादसे हो चुके हैं। गांधी भवन के सामने एक कार पर गार्डर गिर गया था, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। एलिवेटेड रोड पर आवागमन को लेकर एक जनहित याचिका कोर्ट में दाखिल की गई थी, कोर्ट के आदेश पर दो दिन यातायात बाधित भी रहा था।

कोर्ट में आरएसआरडीसी अधिकारियों ने लिखित शपथ पत्र पेश किए जिसमें इसकी सुरक्षा को दावा किया गया था। एलिवेटेड रोड पर गत दिनों हुए डीओ टेक्सटाइल होल की जांच करने पर पाया कि रेती और गिट्टी निकलने से ये हालात उत्पन्न हुए। अन्य होल की भी जांच करने पर मिट्टी निकल रही है। प्रेम शंकर शर्मा, एडिशनल चीफ इंजीनियर, नगर निगम अजमेर का कहना है कि यह कहना फिलहाल जल्दबाजी होगा कि मरम्मत कर देने से समस्या का समाधान हो गया है। क्योंकि कई स्तर पर इस भुजा की जांच की जानी है।

पूजा शर्मा होंगी सम्मानित

ब्यावर (निसं) पूजा - ऋषि जांगिड़ शिक्षिका, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखिका, ऑल इंडिया एंटी करप्शन एंड साइबर सिक्योरिटी संस्थान की सदस्य, लाड़ो रानी लक्ष्मी बाई संस्था, महिला सशक्तिकरण व पर्यावरण के प्रति संवेदनशील ,जीव दया संबंधी उत्कृष्ट कार्यों में सक्रिय हैं।आपका चयन राष्ट्रीय फॉस्टर गौरव रत्न सम्मान 2025 में किया गया है। निस्वार्थ सेवा भावना की श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए आपको चुना गया है। विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी उल्लेखनीय सहभागिता रहती है। नेशनल यूथ पार्लियामेंट ऑफ द भारत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण एवं खनिज मंच एवं फॉस्टर श्री कल्याणेश्वरी चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिभाओं का सम्मान करके उल्लेखनीय कार्य कर समाज को मुख्य धारा में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है।

टैक्स प्रोफेशनल ने विरोध मार्च निकाला

भिलवाड। राजनीतिक चंदे समेत अन्य फर्जी क्लेम उठाने के मामले में इनकम टैक्स विभाग की ओर से सीए और अन्य टैक्स प्रोफेशनल पर चल रही लगातार कार्रवाई के खिलाफ शुक्रवार को भीलवाड़ा प्रोफेशनल फोरम के बैनर तले विरोध मार्च निकाला गया। इस दौरान सीए प्रोफेशनल शास्त्री नगर सर्किल पर पहले एकत्रित हुए। यहां से इनकम टैक्स विभाग पहुंचे।

यहां केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सीए प्रोफेनशनल एक मांग पत्र सौंपा। इनकम टैक्स विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाइयों को लेकर चिंता जताई है। चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं टैक्स प्रोफेशनल्स के लिए विशेष एसओपी बनाई जाएं। सूचना सत्यापन का अवसर प्रदान किया जाएं। आयकर अधिकारियों द्वारा स्टाफ एवं उनके परिवारजनों के साथ अनुचित व्यवहार, मानसिक प्रताड़ना एवं शारीरिक दुर्व्यवहार जैसी गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। यह पूर्णत: अस्वीकार्य है।

इस पर तत्काल कठोर कार्यवाही हो। डेटा संकलन की सीमा निर्धारित की जाएं। प्रोफेशनल की भूमिका स्पष्ट की जाएं। आईसीएआई को पूर्व सूचना देना अनिवार्य किया जाएं। अनुमान आधारित आकलन पर रोक लगे। दोष सिद्ध होने तक निर्दोष माना जाएं। सरकारी प्रेस विज्ञिप्तयों या बयानों में टैक्स प्रोफेशनल्स को बिचौलिया या मुख्य दोषी कहना पेशे की गरिमा को ठेस पहुंचाता है। ऐसी शब्दावली के प्रयोग पर तत्काल रोक लगाई जाएं।

अगर किसी मामले में सरकारी विभागों की ओर से अनुमोदन या मंजूरी प्रदान की गई हो तो केवल टैक्स प्रोफेशनल्स को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। इस विरोध मार्च में सीए अशोक जैथलिया, सीए अतुल सोमानी सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए आलोक सोमानी, सीए दिनेश आगाल आदि सीए उपस्थित रहे।

पढ़ाई में मस्तिष्क से ज्यादा मन का लगना आवश्यक

ब्यावर (निसं) श्री वर्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थियों हेतु जादूगर आंचल के स्पेशल मैजिक शो का आयोजन किया गया।

अतिथि देवो भव की परम्पंरा का निर्वहन करते हुए प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उपप्राचार्या सुनीता चौधरी नें पुष्पगुच्छ भेंट कर व माल्यापर्ण कर जादूगर आंचल कुमावत उनके पिताजी गिरधारी कुमावत एवं प्रसिद्ध कलमकार, समाजसेवी विमल चौहान का स्वागत किया। जादूगर आंचल ने जादू में निहित अंधविश्वासों को दूर करते हुए यह बताया कि जादू एक कला है, हाथ की सफाई एवं विज्ञान का संगम है। जादू कोई भूत प्रेत आत्माओं से नहीं होता है। साथ ही बच्चों को मोटिवशनल स्पीच के माध्यम से यह भी समझाया कि विद्यार्थी किस प्रकार अपने अध्ययन में सुगमता लाए।

महिला सुरक्षा एवं सम्मान पोस्टर का विमोचन किया

भीलवाड़ा। वर्तमान समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लाडो सेवा फाउंडेशन द्वारा तैयार किया गया विशेष पोस्टर आज पी.एम. श्री रा.बा. उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर, भीलवाड़ा में एक भव्य समारोह में विमोचित किया गया। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जिले के प्रशासनिक, राजनीतिक, शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्रों के प्रमुख प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। पोस्टर का विमोचन संयुक्त रूप से धर्मेन्द्र कुमार यादव (जिला पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा), मनोज प्रताप (पूर्व विभाग प्रचारक एवं वर्तमान में स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष), अवधेश कुमार शर्मा (प्रधानाचार्य, पी.एम. श्री रा.बा. उच्च माध्यमिक विद्यालय बापूनगर), लव कुमार जोशी (विद्यालय विकास समिति), और लक्ष्मण सिंह राठौड़ (संस्थापक, लाडो सेवा फाउंडेशन) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर के महत्व और कानून की जानकारी देते हुए विशेष रूप से पॉक्सो एक्ट पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं को अपनी रक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा और होने वाले अत्याचारों की जानकारी निडर होकर सामाजिक संस्थाओं तथा प्रशासन को देनी होगी। उन्होंने कहा, ''महिलाएं जितनी जागरूक होंगी, अपराधों पर उतनी ही अधिक अंकुश लगेगा।'' पोस्टर विमोचन के पश्चात्, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की ''एक पेड़ मां के नाम'' योजना के अंतर्गत, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव ने एक सिंदूर का पौधा लगाया।

महोत्सव एवं पद स्थापना समारोह

अजमेर, (कासं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई द्वारा सावन महोत्सव वैशाली नगर स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में धूमधाम से मनाया गया। महिला अध्यक्ष वर्षा फतेहपुरिया ने बताया कि सावन महोत्सव के तहत सभी पदाधिकारी ने विभिन्न प्रकार के नृत्य खेल ऑन की प्रस्तुति दी, कार्यक्रम मयूर थीम पर आयोजित रहा। इसी अवसर पर सत्र 2025 से 28 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर पदभार ग्रहण कराया गया।

मातृ वन उद्यान में सघन वृक्षारोपण आज

अजमेर, (कासं)। अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 38 आदर्श नगर स्थित मातृ वन उद्यान में विधायक अनिता भदेल के नेतृत्व में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया जाएगा। शुक्रवार को विधायक भदेल ने तैयारियां का जायजा लिया।

नगर निगम के वार्ड संख्या 38 के नगर सेवक देवेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि शनिवार को नेक्सा शोरूम के पीछे आदर्श नगर स्थित मातृ वन उद्यान में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 6 बजे किया जाएगा।

शुक्रवार को मातृ उद्यान पर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों एवं रूपरेखा का मौका निरीक्षण किया। शेखावत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा होंगे। समारोह की अध्यक्ष विधायक अनिता भदेल करेंगे।

नाम परिवर्तन

मेरे आर्मी नं. 14668908H रैंक-HAV नाम-UMESH PATIL है। यह कि मेरे पुत्र का नाम आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में PRANAV PATIL दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मेरे पुत्र को सही व वास्तविक नाम PRANAV UMESH PATIL से जाना जाये।

नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. 14668908H रैंक-HAV नाम-UMESH PATIL है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम VAISHALI PATIL दर्ज है जो कि गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम VAISHALI UMESH PATIL से जाना जाये।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक-न.पा.बि./नामा/2025/1032 — आम सुचना — दिनांक:05.06.2025

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान व प्लाट गृहकर पंजिका में अन्तरण हेतु निम्न विरासत पत्रावली प्राप्त हुई है। अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञिप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र आपतित मान्य नहीं होगी।

नामान्तरण

फाईल नं.	आवेदक नाम	मूल आवंटी/ नामांतरण	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का माप	प्रयोजनार्थ
60	अनिल आंचलिया पुत्र छीतरमल आंचलिया	मदन सिंह पुत्र कानमल कुमट	आबादी क्षेत्र नारायण प्राईमरी शाला के पास मुनीम कॉलोनी भू.सं. 19 बिजयनगर	150 SQ.Yards	आवासीय

-अधिशाषी अधिकारी , नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक: न.प.कि./PWC/BPAS-2414/2025/578 — आम सूचना — दिनांक: 18/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री महावीर पुत्र श्री भैरूलाल 2. श्रीमती रेखा शर्मा पत्नी श्री महावीर राजस्व ग्राम मदनगंज, के खसरा सं. 598 भूखण्ड सं. 41 का कुल क्षेत्रफल 125.00 वर्गगज 'राधामाधव रेजीडेन्सी' खोड़ा गणेश जी रोड मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान में आवासीय निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व : भूखण्ड सं. 50 — पश्चिम : रास्ता 30 फीट चौड़ा
उत्तर : भूखण्ड सं. 40 — दक्षिण : भूखण्ड सं. 42

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./नाम हस्तांतरण/2025/1760 — आम सूचना — दिनांक: 18/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 617 पर स्थित आवासीय (भूखण्ड संख्या ए-41 क्षेत्रफल 136.27 वर्गगज) पर मोहम्मद सलीम पुत्र बाबू छिपा ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व : भूखण्ड संख्या ए-40 — पश्चिम : भूखण्ड संख्या ए-42
उत्तर : 40 फीट चौड़ा रास्ता — दक्षिण : अन्य की कृषि भूमि

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./नाम हस्तांतरण/2025/1766 — आम सूचना — दिनांक: 18/07/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या 26,28,35,36, 41 पर स्थित 'खुशी मार्बल सिटी' के आवासीय (भूखण्ड संख्या सी-212 क्षेत्रफल 100.00 वर्गगज) पर श्रीमती सुमन बांगड़ा पत्नि श्री कमल बांगड़ा ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है-

पूर्व : भूखण्ड संख्या सी-209 — पश्चिम : 30 फीट चौड़ा रास्ता
उत्तर : भूखण्ड संख्या सी-213 — दक्षिण : भूखण्ड संख्या सी-211

अत: उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में प्रस्तुत करे बाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नही होगा। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी, नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार (EWS) योजना के आवासगृह संख्या 11 क्षेत्रफल 50.00 वर्गगज के अन्तरिति श्रीमती शांति देवी पत्नि स्व. श्री भवंर सिंह राठौड़ निवासी क्वार्टर संख्या 11. हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार, अजमेर की मृत्यु दिनांक 22/03/2021 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमश: (1) श्रीमती अनिता पत्नि श्री देवेन्द्र सिंह निवासी गली न. 05डी, न्यू गोविन्द नगर, रामगंज, अजमेर (2) श्रीमती मधु गहलोत पत्नि श्री अर्जुन सिंह निवासी म.न. ए-1/313, गली न. 10, हर्ष विहार, दिल्ली उत्तर-पूर्वी दिल्ली (3) प्रथा राठौड़ (4) उत्तरा राठौड़ (5) लक्षिता राठौड़ पुत्रीयां स्व. श्री मनोज निवासी क्वार्टर संख्या 11. हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार, अजमेर द्वारा द्वारा अपने सहहिस्सेदार श्रीमती मृदुला बढगूजर पत्नि स्व. श्री मनोज सिंह राठौड़ निवासी क्वार्टर संख्या 11. हरिभाऊ उपाध्याय नगर विस्तार, अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 24/02/2022 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत अतीतमंड पंचायत समिति जवाजा (ब्यावर)

क्रमांक: 2025/223 — दिनांक: 18.07.2025

सीमित निविदा-02/2025-26

ग्राम पंचायत अतीतमंड में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा के एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है साथ ही कार्यालय दिवसों में नोटिस बोर्ड / कार्यालय में देखी जा सकती है।

NIB-PAB2526A0057
UBN-PAB2526GSRC00072

प्रशासक, ग्राम पंचायत अतीतमंड, पं.स. जवाजा (ब्यावर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अतीतमंड, पं.स. जवाजा (ब्यावर)

कार्यालय ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा पंचायत समिति जवाजा (ब्यावर)

क्रमांक: 2025/SP205 — दिनांक: 18.07.2025

सीमित निविदा-02/2025-26

ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा में निर्माण कार्य हेतु पंचायत समिति जवाजा के एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्माण कार्यों की निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा शुल्क/धरोहर राशि/प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जा सकती है साथ ही कार्यालय दिवसों में नोटिस बोर्ड / कार्यालय में देखी जा सकती है।

NIB-PAB2526A0058
UBN-PAB2526WSOB00073

प्रशासक, ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा, पं.स. जवाजा (ब्यावर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत नरबदखेड़ा, पं.स. जवाजा (ब्यावर)